# सायबर अपराधों पर थाने स्तर से होगी तुरंत कार्रवाई

- सायबर हेल्प डेस्क को किया जा रहा मजबूत
- 80 पुलिसकर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



**इंदौर.** बढ़ते सायबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को थाने स्तर पर ही तुरंत राहत दिलाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सायबर हेल्प डेस्क को मजबूत किया जा रहा है. इसी कड़ी में नगरीय क्षेत्र के सभी थानों से आरक्षक से उपनिरीक्षक स्तर तक के करीब 80 पुलिसकर्मियों को सायबर अपराधों की एक दिवसीय विशेष ट्रेनिंग दी गई.

ट्रेनिंग में पुलिसकर्मियों को फाइनेंशियल ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन, फर्जी शेयर ट्रेडिंग, फर्जी लोन ऐप, ओटीपी फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग-बेटिंग, ई-कॉमर्स फ्रॉड, सायबर स्टॉकिंग और सायबर बुलिंग जैसे अपराधों के तरीकों की जानकारी दी गई. साथ ही यह भी बताया गया कि पीड़ित के थाने आने पर किस प्रकार तुरंत 1930 हेल्पलाइन और पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर तत्काल राशि फ्रीज कराई जा सकती है. विशेषज्ञों ने बताया कि जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होती है, उतनी ही राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है.

### टेस्ट में सफल प्रतिभागियों को दिए प्रशस्ति पत्र

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इंदौर पुलिस का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पुलिसकर्मी तकनीकी रूप से दक्ष हों, ताकि किसी भी सायबर अपराध की शिकायत पर पीड़ित को थाने स्तर पर ही तुरंत समाधान मिल सके . वहीं समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह ने प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रियाओं को थानों में लागू करने के निर्देश दिए . प्रशिक्षण के अंत में पुलिसकर्मियों का टेस्ट लिया . सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया . अधिकारियों ने बताया कि इंदौर पुलिस द्वारा इस तरह के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेंगे .

### टेक्निकल टीम ने केस स्टॅडी और प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया ट्रेंड

क्राइम ब्रांच के एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया, सायबर एक्सपर्ट अक्षय कुमार जाधव, सायबर सुरक्षा सलाहकार सन्नी वाधवानी और क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने केस स्टडी और प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया . प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया . जिसका शुभारंभ पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में हुआ . इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (का./व्य.) अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./मुख्यालय) आरके सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया मौजूद रहे .

# इंदौर स्टेशन की डॉरमेट्री में फिर खटमल

- यात्री ने वीडियो बनाकर रेल मंत्री से की शिकायत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्वच्छता में देश में नम्बर एक माने जाने वाले इंदौर शहर में रेलवे की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सवालों में है. इंदौर रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में ठहरे एक यात्री को बिस्तर पर खटमल मिले, जिसके बाद उसने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शिकायत दर्ज कराई. हैरानी की बात यह है कि इसी डॉरमेट्री में नवंबर माह में भी खटमलों की शिकायत सामने आ चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था नहीं सुधरी.**



सोमवार को डॉरमेट्री में ठहरे यात्री दीप कुमार ने अपने एक्स अकाउंट पर खटमलों का वीडियो पोस्ट किया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए नाराजगी जाहिर की. वीडियो में बिस्तर पर रेंगते खटमल साफ नजर आ रहे हैं. पोस्ट के वायरल होते ही रेलवे महकमे में हलचल मच गई और वरिष्ठ अधिकारियों ने आनन फानन में यात्री से संपर्क किया. हालांकि यात्रियों का कहना है कि जब पहले भी इसी तरह की शिकायतें हो चुकी थीं, तब समय रहते ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए. इससे यात्रियों की सुविधा और रेलवे की कार्यप्रणाली दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं. इस मामले पर क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं देश और शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं. उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई कर डॉरमेट्री की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है.

# इंदौर से स्टार एयर की उड़ानें फिर रद्द, 4 फ्लाइटें कैंसिल



**इंदौर.** इंदौर से स्टार एयर की उड़ानों का संकट एक बार फिर सामने आया है. कंपनी ने इंदौर मुंबई और इंदौर गोंदिया रूट पर संचालित होने वाली अपनी सभी चार उड़ानों को अचानक निरस्त कर दिया. उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई.

जानकारी के अनुसार फ्लाइट नंबर एस-5461/60/59/62 के तहत शाम 5.50 बजे मुंबई से इंदौर आने वाली फ्लाइट, 6.20 बजे इंदौर से गोंदिया जाने वाली उड़ान, वहीं रात 9.30 बजे गोंदिया से इंदौर और 10 बजे इंदौर से मुंबई जाने वाली सभी उड़ानें निरस्त कर दी गईं. लंबे समय से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कंपनी अधिकारियों से जवाब मांगा. स्टार एयर ने उड़ानें निरस्त करने का कारण केवल ऑपरेशनल कारण बताया है, हालांकि कोई ठोस वजह स्पष्ट नहीं की गई.

### 15 जनवरी से ही दोबारा शुरू की गईं थी ये उड़ानें

उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी से ही इंदौर मुंबई और इंदौर गोंदिया रूट पर उड़ानें दोबारा शुरू की गई थीं, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर निरस्तीकरण शुरू हो गया . सबसे अधिक परेशानी गोंदिया जाने वाले यात्रियों को हुई, क्योंकि इंदौर से गोंदिया के लिए यह एकमात्र सीधी उड़ान है . कंपनी की ओर से यात्रियों को री बुकिंग या रिफंड का विकल्प देने की बात कही गई है . सूत्रों के मुताबिक स्टार एयर के पास विमानों की संख्या सीमित है, जिसके चलते एक रूट पर देरी का असर अन्य उड़ानों पर भी पड़ता है . वहीं कम बुकिंग को भी उड़ानें रद्द होने का कारण माना जा रहा है . इससे पहले भी कंपनी उड़ानें निरस्त करने को लेकर विवादों में रही है .

# शादी का झांसा देकर एमबीए छात्रा का 6 साल तक शोषण

- पीड़िता की शिकायत पर दोस्त के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. दोस्ती के बाद शादी का भरोसा देकर एमबीए की छात्रा से लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके कॉलेज के दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है.**

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि 25 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर सिकंदराबाद कॉलोनी में रहने वाले सैयद मजहर पिता सैयद आबिद अली के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज की है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी और राजेंद्र नगर क्षेत्र स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान आरोपी से हुई थी. धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और रिश्ता बन गया. पीड़िता के मुताबिक, मार्च 2019 में आरोपी उसे सिकंदराबाद कॉलोनी स्थित अपने घर ले गया, जहां शादी का भरोसा दिलाकर उसने पहली बार शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद वह लगातार शादी का झांसा देकर अलग-अलग जगह घुमाने-फिराने के बहाने संबंध बनाता रहा, लेकिन जब भी शादी की बात आती, वह टाल देता था.

### आरोपी बोला... वह तो टाइम पास कर रहा था

20 जनवरी को जब छात्रा ने गंभीरता से शादी को लेकर बात की तो आरोपी ने साफ कह दिया कि वह सिर्फ टाइम पास कर रहा था और उससे शादी नहीं करेगा . पीड़िता के अनुसार आरोपी ने अपशब्द कहे और यह भी कहा कि वह उसके मजहब की नहीं है, इसलिए शादी का कोई सवाल ही नहीं है . घटना से आहत छात्रा ने अपने परिचितों को पूरी बात बताई और इसके बाद खजराना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई . पुलिस ने शिकायत मिलते ही आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है . फिलहाल मामले की जांच की जा रही है .

# नवविवाहिता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र में गांधी पैलेस कॉलोनी की 23 वर्षीय नवविवाहिता प्रगति ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रगति का पति चिल्ड वाटर सप्लाय का काम करता है. मंगलवार को वह घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फंदे पर लटका देखा. आनंद के माता-पिता परिवार के एक प्रोग्राम में गए हुए थे. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मृतका की पहचान 23 वर्षीय प्रगति पत्नी आनंद निवासी



गांधी पैलेस के रूप में हुई है. महिला ने 9 महीने पहले शादी की थी. मामले की जांच पुलिस द्वारा जारी है.

# तेज रफ्तार ट्रक ने गाय को कुचला, मौके पर मौत

**इंदौर .** लसूड़िया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के चलते एक गाय की मौत हो गई . दोपहर करीब 1 बजे अग्रवाल टोल नाके के पीछे सड़क पर आइसर कंपनी के ट्रक नम्बर एमपी 69 ज -0696 ने सड़क पर चल रही गाय को टक्कर मार दी . टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया . घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक अनिकेत बंगाड़े निवासी स्कीम नंबर 78 के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया . थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी .





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050, **Vijay Nagar** SOJATIA BAJAJ 8357064113 • **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BHAGIRATH BAJAJ **8878860777 Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 • Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **Rau** BIYANI BAJAJ 8602344425, **Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ** – 07412-356838 , 9039001891 • **Shujalpur** – Nema BAJAJ **9009151539,7049733995**, 07360-242292 • **Ujjain: Dewas Road** – Mainashree Bajaj 9893625022.